# New Khatu Shyam Bhajan Book [2023]

## टूटा है दिल संभाल सांवरे

टूटा है दिल संभाल सांवरे,
ये रो रो रहा है पुकार सांवरे,
ये रो रो रहा है पुकार सांवरे,
टूटा है दिल संभाल सांवरे……..

जग वालों को अपना समझा,
व्यर्थ ही समय गवाया,
जब जब मुझको पड़ी जरुरत,
कोई भी नहीं आया,
तू ही आके पकड़ले मेरी बांह सांवरे,
तू ही आके पकड़ले मेरी बांह सांवरे,
टूटा है दिल संभाल साँवरे,
टूटा है दिल संभाल सांवरे……..

माना की प्रभु मुझसे बड़ा ना,

कोई अधमी दूजा,
दुनिया कहती हारा नहीं वो,
जिसने तुमको पूजा,
रख ले तू उनकी ही बात सांवरे,
रख ले तू उनकी ही बात सांवरे,
टूटा है दिल संभाल साँवरे,
टूटा है दिल संभाल सांवरे........

भटक भटक अब पंहुचा हूँ,
बाबा द्वार पे तेरे,
मुझको बस विश्वास दिला दो,
तुम हो गए हो मेरे,
फिर किसी की ना होगी दरकार सांवरे,
फिर किसी की ना होगी दरकार सांवरे,
टूटा है दिल संभाल साँवरे,
टूटा है दिल संभाल सांवरे........

टूटा है दिल संभाल सांवरे,
ये रो रो रहा है पुकार सांवरे,
ये रो रो रहा है पुकार सांवरे,
टूटा है दिल संभाल सांवरे........

# रींगस से चलके आया बाबा तेरे खाटू में

श्याम धणी के द्वार पर, हो रही जय जयकार,
सेवक आया द्वार पर, ले अपनी फरियाद।

रींगस से चलके आया, बाबा तेरे खाटू में,
अरदास लेके आया, बाबा तेरे खाटू में....

दुनियाँ से हार करके, आया मैं तेरे दर पे,
तूने गले लगाया, बाबा तेरे खाटू में.....

चर्चे तेरी कृपा के,  हमने सुने है बाबा,
रहमत है तू लुटाता, बाबा तेरे खाटू में....

फागण के वो नज़ारे, मस्ती भरे जयकारे,
दीवाने तेरे झूमें, बाबा तेरे खाटू में....

लाखों करोड़ो प्रेमी, आते दरश को तेरे,
संग में विकास आया, बाबा तेरे खाटू में.....

# बाबा का दरबार सुहाना

बाबा का दरबार सुहाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

बाबा का दरबार सुहाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

हमने तो बड़े प्यार से कुटिया बनायीं है,
कुटिया में बाबा तेरी मूरत सजाई है ||
अच्छा हमें तुमको सजाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

रंग बिरंगे फूलो की लड़िया लगे प्यारी,
बालाजी तेरी सूरत हमे लागे बड़ी न्यारी |
अच्छा हमें तुझको मनाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

हम तेरी राहों को पलकों से बुहारेंगे,
तुम ना आओगे तो बाबा तुम्हें पुकारेंगे |
अच्छा हमें तुझको बुलाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

हम तेरी चोखट पे बाबा बिछ बिछ जायेंगे,
कहते है भक्त तेरी महिमा गाएँगे ||
अच्छा हमे रिश्ता निभाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

बाबा का दरबार सुहाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

बाबा का दरबार सुहाना लगता है,
भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है ||

## मेरा बाबा रंग रंगीला

मेरा बाबा रंग रंगीला,
मैं तो नाचूंगी |
मेरा बाबा बड़ा सजीला,
मैं तो नाचूंगी ||

दर तेरे आके ज्योत जलाके,
सबको बुलाके हाथ उठाके |

मैं तो नाचूंगी,
हाँ मैं तो नाचूंगी ||

मेरा बाबा रंग रंगीला,
मैं तो नाचूंगी ||

यूँ तो मेरे खाटूवाले ने,
सबकी ही किस्मत संवारी |
पर मुझको लगता है ऐसा,
मुझ पे तो कृपा है भारी ||

तुमने दिया है मैंने लिया है,
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है |
मैं तो नाचूंगी,
हाँ मैं तो नाचूंगी ||

मेरा बाबा रंग रंगीला,
मैं तो नाचूंगी ||

जीवन में अपने मज़ा है,
खाटू वाले की कृपा है |
मांगे तो क्या गिन्नी मांगे,
ऐसा भी क्या अब बचा है ||

एक सहारा श्याम हमारा,
मैंने पुकारा तूने पुकारा |
मैं तो नाचूंगी,
हाँ मैं तो नाचूंगी ||

मेरा बाबा रंग रंगीला,
मैं तो नाचूंगी ||

मेरा बाबा रंग रंगीला,
मैं तो नाचूंगी |
मेरा बाबा बड़ा सजीला,
मैं तो नाचूंगी ||

दर तेरे आके ज्योत जलाके,
सबको बुलाके हाथ उठाके |
मैं तो नाचूंगी,
हाँ मैं तो नाचूंगी ||

मेरा बाबा रंग रंगीला,
मैं तो नाचूंगी ||

# खाटू ज़ाया करो

चिंता की क्या बात है, खाटू जाया करो,
बनती वहाँ हर बात है, खाटू जाया करो....

फ़िक्र हमें न करना है, श्याम भरोसे चलना है,
सिर पे श्याम का हाथ है, खाटू जाया करो.....

पार करेगा नैया वो, बन जायेगा खिवैया वो,
दिल में ग़र जज़्बात है, खाटू जाया करो.....

करने भगतजनों के काम, खाटू में बैठा है श्याम,
बदल रहा हालात है, खाटू जाया करो...

भजन भाव होता है वहाँ, दिल लगाव होता है वहाँ,
प्रेमी जनों का साथ है, खाटू जाया करो.......

मालिक है लाचारों का, बेबस ग़म के मारों का,
दीनों का वो नाथ है, खाटू जाया करो....

पल में जीत दिलायेगा, ग़र “मोहित” हो जायेगा,
मात को देता मात है, खाटू जाया करो.....

## खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है

खाटू वाले श्याम तेरा, सच्चा दरबार है,
तेरी जय जयकार बाबा, तेरी जय जयकार है......

भक्तों के खातिर, कलयुग में आया,
दरबार अपना, खाटू लगाया,
अपने भगत के लिये, करता चमत्कार हैं,
तेरी जय जयकार बाबा, तेरी जय जयकार है......

आवाज जिसने, दिल से लगाई,
बिगड़ी हुई को, पल में बनाई,
दीन और दुखी के लिए, हरदम तैयार है,
तेरी जय जयकार बाबा, तेरी जय जयकार है......

दरबार तेरा, सबसे निराला,
कलयुग में तेरा, है बोल बाला,
बनवारी चरणोँ में, करता नमस्कार है,
तेरी जय जयकार बाबा, तेरी जय जयकार है,
खाटू वाले श्याम तेरा, सच्चा दरबार है,
तेरी जय जयकार बाबा, तेरी जय जयकार है

# आजा लेकर बाबा तू एक दिन की छुट्टी

कितना काम करता है तू, सबका नाम करता है तू,
अरे भक्तों की खातिर सबकुछ कुर्बान करता तू,
आजा लेकर बाबा तू एक दिन की छुट्टी......

माँ ने है बनाया लड्डू खीर और चूरमा,
मिलके खाएंगे फिर थोड़े गप्पे शाप्पे मारेंगे,
इंतज़ार ना करा , द्वार पे हूँ मैं खड़ा,
अरे लीले पे सवार होके आजा,
आजा लेकर बाबा तू एक दिन की छुट्टी.....

शहर घुमाऊं तुझको मेरी बुलेट पे,
सज जायेगा शहर तेरे आगमन से,
लग जायेगा नारा बाबा श्याम हमारा,
खींचेंगे फोटो तेरे संग सजके,
आजा लेकर बाबा तू एक दिन की छुट्टी.....

खुला है मैदान, बच्चे पुकारे श्याम,

भोली भाली सूरत इनकी प्यारी सी मुस्कान,
लुका छुपी खेलेंगे, थोड़ी मस्ती करेंगे,
खाएंगे पिएंगे झूमेंगे,
आजा लेकर बाबा तू एक दिन की छुट्टी.......

कीर्तन कराया दरबार भी सजाया है,
बाबा तेरे लिए छप्पन भोग बनाया है,
कृपा तेरी करना, सबकी झोली भरना,
है अतुल की यही अरदास,
आजा लेकर बाबा तू एक दिन की छुट्टी......

## हमारे घर श्याम आये हैं

देखो नीले पे होके सवार,

हमारे घर श्याम आये है ||

हम भक्तों की सुनके पुकार,

हमारे घर श्याम आये हैं,

हमारे घर श्याम आये हैं ||

अपने प्रभु के चरण मैं धोऊं,

भर भर नैना असुवन रोऊँ |

तूने किरपा की करी बरसात,

तूने किरपा की करी बरसात ||

की चाँद तारे मुस्काए है,

हमारे घर श्याम आये हैं |

हम भक्तों की सुनके पुकार,

हमारे घर श्याम आये हैं ||

उलझन मन में क्या तुझको खिलाऊं,

रुखा सुखा भोग लगाऊं |

कर सेवा हमारी स्वीकार,

कर सेवा हमारी स्वीकार ||

कुछ नहीं कर पाए है,

हमारे घर श्याम आये हैं |

हम भक्तों की सुनके पुकार,

हमारे घर श्याम आये हैं ||

एक तरफ लागे लखदातारी,

दूजी ओर तू बांके बिहारी |

अब मुरली सुना के मेरे नाथ,

अब मुरली सुना के मेरे नाथ ||

की मोर छड़ी लहराए है,

हमारे घर श्याम आये हैं |

हम भक्तों की सुनके पुकार,

हमारे घर श्याम आये हैं ||

देखो नीले पे होके सवार,

हमारे घर श्याम आये है ||

हम भक्तों की सुनके पुकार,

हमारे घर श्याम आये हैं,

हमारे घर श्याम आये हैं ||